हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

12 दिसंबर2025, समय18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

1.केंद्र सरकार ने कहा गत दस वर्षों मे फसल उत्पादन मे चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

2. केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा –कि देश मे पर्यटन को बढ़ावा देने मे वंदे भारत रेलगाड़ी ने अहम भूमिका निभाई है।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला मे बन रहे अटल पार्क का निरीक्षण किया – 25 दिसम्बर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

4. हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसरअसीम कुमार घोष ने पंचकुला मे राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव का उद्घाटन किया।

5. हरियाणा के जेल पुलिस महानिदेशक आलोक राय ने कहा – जेल विभाग के पेट्रोल पंपों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

*<u>मुझे यह बताते हुए खुशी है कि 2014 के बाद 2024 तक 44 परसेंट उत्पादन बढा है जो अपने आप में एक रिकार्ड है और वो उत्पादन के लिए नई बीज, नई टैक्नॉलिजी, नई कृषि पद्धति सबका उपयोग हो रहा है।</u>*

श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और समग्र कृषि विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। श्री चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार किसानों को दो लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान कर रही है और प्रधानमंत्री

किसान सम्मान निधि के तहत चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है

*अकेले फर्टिलाइजर सब्सिडरी लगभग दो लाख करोड मोदी सरकार दे रही है किसानों को। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि छोटे किसानों के लिए वरदान बन गई है। लगभग चार लाख नौ हजार करोड रूपया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों के खातों में अन्तर्रित किया गया है।*

---------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत क्रूज पर्यटन का नया केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि होटलों और रेस्तरां में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है तथा प्रमुख वैश्विक होटल समूह देश में निवेश कर रहे हैं। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री शेखावत ने देश में बढ़ते पर्यटन में वंदे भारत रेलगाड़ी की भूमिका का उल्लेख किया।

*वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के चालू होने के चलते हुए भी भारत के 140 से ज्यादा हमारे टूरिस्ट डेस्टिनेशन को डायरेक्ट वंदे भारत टीम कनेक्टिविटी से जुड़े हैं उसके कारण से वहां भी पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।*

---------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भारतीय जनता पार्टी के पंचकूला स्थित प्रदेश कार्यालय के सामने बन रहे अटल पार्क का निरीक्षण किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली भी उनके साथ मौजूद रहे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 25 दिसंबर को 100 वां जन्म दिवस है। अटल जी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पंचकूला में अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन से संबंधित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा गृह मंत्री पुलिस बल में नियुक्त हुए 5 हजार जवानों को नियुक्ति पत्र देंगे। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर एक और कार्यक्रम होगा, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री भी शामिल होंगे। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि धातु की बनी यह प्रतिमा 37 फुट ऊंची होगी ।

---

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव  का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा घोष और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आयुर्वेदिक कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद सिर्फ दवा प्रणाली नहीं है। यह जीवन का एक दर्शन है जो मन, शरीर और आत्मा के बीच तालमेल सिखाता है। इसमें प्रकृति, स्वास्थ्य और इंसानी सेहत की गहरी समझ शामिल है, जिसमें रोकथाम और सतत  जीवन पर जोर दिया गया है।

---

हरियाणा के जेल पुलिस महानिदेशक,आलोक राय ने कहा है कि रोहतक में हाई टेक जेल का निर्माण कार्य तीन महीने में काम पूरा हो जाएगा।  जेल विभाग के पेट्रोल पंपों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

वे आज पंचकूला में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग ने जेलों में व्यापक सुधार किए हैं।

श्री आलोक राय ने कहा कि जेलों में शिक्षा का प्रबंध भी किया गया है।

श्री आलोक राय ने कहा कि जेलों में औपचारिक शिक्षा भी दी जा रही है। अभी वर्तमान सत्र में दसवीं के लिए 550, बारहवीं के लिए 370 और वेल्डिंग कोर्स के लिए 20 लोगों ने नाम दर्ज कराया है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ओपन एयर जेल की व्यवस्था भी की जाएगी।

---

हरियाणा पुलिस ने धमकी और उगाही की कॉल्स मिलने के आधार पर दी गई सुरक्षा की जिला स्तर पर व्यापक समीक्षा की है।

हरियाणा पुलिस ने  एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि समीक्षा के बाद 72 व्यक्तियों की सुरक्षा वापस ले ली गई है। 200 से अधिक पुलिस सुरक्षा अधिकारी ड्यूटी से वापस लिए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि सुरक्षा की समीक्षा प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी, ताकि सुरक्षा केवल वास्तविक खतरे वाले व्यक्तियों को ही प्रदान की जा सके।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आहूत किया गया है।हरियाणा विधानसभा सचिव श्री राजीव प्रसाद द्वारा इस संबंध में सभी विधानसभा सदस्यों को अर्ध सरकारी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

संघ लोक सेवा आयोग ने बेंचमार्क  दिव्यांगता वाले उमीदवारों को परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र में बताए गए अनुसार उनकी पसंद का परीक्षा केंद्र दिए जाने की घोषणा की है।

आयोग ने कहा है कि सबसे पहले  बेंचमार्क  दिव्यांगता  वाले और गैर  बेंचमार्क  दिव्यांगता वाले  उम्मीदवारों  को पसंद का केंद्र देने के लिए केंद्र की मौजूदा क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में अगर क्षमता नहीं रहती तो गैर बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवारों को केंद्र नहीं मिल सकेगा। आयोग ने यह भी कहा है कि केंद्रों में अतिरिक्त क्षमता का भी इंतजाम किया जाएगा ताकि किसी भी 40 प्रतिशत या उससे ज्यादा दिव्यांगता  वाले उम्मीदवार को उसके पसंदीदा परीक्षा केंद्र  से मना न किया जाए। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह फैसला पिछले पांच सालों के परीक्षा केंद्र आंकड़ों का अवलोकन करने के बाद लिया गया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------